eeeeeee

बिग एफएम ने लॉन्च किया 'BuyAdsOnBigFM.com', रेडियो नेटवर्क पर विज्ञापन बुक कराने के लिये एक सेल्फ सर्विस पोर्टल

- **एसएमई, ब्रांड्स और एन्टरप्रेन्योर्स के लिये ऑटोमेटेड सेल्फ-सर्विस पोर्टल 'BuyAdsOnBigFM.com', ताकि वे जिंगल्स के लिये अनुरोध, मीडिया प्लान कर सकें तथा ऑर्डर दें पायें और ऑनलाइन भुगतान करने में सक्षम हों**
- **पोर्टल द्वारा पहुंच का विस्तार किया जायेगा, दक्षता उपलब्ध कराई जायेगी एवं पारदर्शिता लाई जायेगी, इसके साथ ही स्टैंडर्डराइज्ड सॉल्यूशन्स, इन्वॉयस के लिये डैशबोर्ड और ब्रॉडकास्ट सर्टिफिकेट्स उपलब्ध कराये जायेंगे, जो बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं**
- **लॉयल्टी प्रोग्राम्स और एक्सक्लूसिव रूप से डिजाइन किये गये फेस्टिव ऐड सिर्फ पोर्टल पर उपलब्ध**

राष्ट्रीय, 10 अक्टूबर 2018 : भारत के एक सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क बिग एफएम ने 'BuyAdsOnBigFM.com' लॉन्च किया है। यह लॉन्ग टेल, रिटेल एसएमई और एन्टरप्रेन्योर्स को पोर्टल को उनके विज्ञापन के लिये अनुरोध कर बिग एफएम के साथ आसानी से विज्ञापन करने में सक्षम बनायेगा। विज्ञापन बुक करने के अलावा, इस प्लेटफॉर्म द्वारा ऐड रेट्स के लिये डैशबोर्ड, इन्वॉसेज एवं ब्रॉडकास्ट सर्टिफिकेट्स और ऑनलाइन भुगतान विकल्प की भी पेशकश की जायेगी। **BuyAdsOnBigFM.com' एप्प** जल्द ही आइओएस और एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी।

59 स्टेशनों के साथ रेडियो नेटवर्क न सिर्फ महानगरों में, बल्कि टियर-2 और टियर -3 शहरों में भी एक बेमिसाल पहुंच उपलब्ध कराता है और इस तरह इसे विज्ञापनदाताओं के लिये एक सबसे महत्वपूर्ण और सुदृढ़ माध्यम बनाता है। यह सेल्फ-सर्विस पोर्टल विज्ञापनदाताओं को क्षेत्र, शहर अथवा समूह के आधार पर कस्टमाइज्ड प्लांस के साथ अपने लक्षित ग्राहकों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनायेंगे। इसके अतिरिक्त, बिग एफएम द्वारा एक 24/7 कॉल सेंटर और चैट बोट्स उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि पर आने वाली किसी भी क्वैरी (पूछताछ) का समाधान किया जा सके। बिग एफएम द्वारा डायरेक्ट सेलिंग एजेंट्स को नियुक्त किया जायेगा, ताकि विज्ञापनदाताओं को एक परेशानीमुक्त अनुभव प्राप्त हो सके।

इस बारे में बताते हुये **बिग एफएम के सीएफओ, श्री आशीष चटर्जी** ने कहा, "बिग एफएम को **'BuyAdsOnBigFM.com'** लॉन्च करके गर्व हो रहा है। यह हमारे विज्ञापनदाताओं एवं एजेंसियों को **जिंगल्स के लिये अनुरोध करने, ऐड इंवेंटरी खरीदने एवं ऑनलाइन भुगतान** करने में सक्षम बनायेगा। **'BuyAdsOnBigFM.com'** हमारे डिजिटल रूपांतरण सफर का एक हिस्सा है, जो ग्राहक सेवा को बेहतर बनायेगा और पारदर्शिता को बढ़ायेगा। विज्ञापनदाता एक्सक्लूसिव स्पेशल लॉयल्टी एवं फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठाने में भी सक्षम बनेंगे।"